तापमान

अधिकतम 29.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि

# रत्न भूमि

रायपुर, रविवार 13 सितंबर 2026



11 कौंदकेरा व फिंगेश्वर में राष्ट्रीय नेत्रदान पखवाड़ा

12 सिरकट्टी आश्रम को संवारने विधायक...

## खबर संक्षेप

### धड़ल्ले से चल रहा मवेशियों की तस्करी

**रसेला।** क्षेत्र में गौ माता की तस्करी धड़ल्ले से चल रहा है, गौधन न्याय योजना की उड़ रही है धज्जियां हर महीने में सैकड़ों की तादाद में हो रही गौ तस्करी क्या जिम्मेदारों की सरपरस्ती में फल फूल रहा गौ तस्करी का अवैध कारोबार गौ तस्करों के इशारों पर रात 3 बजे से सुबह 4 बजे तक अलग अलग टोलियां में दिहाड़ी मजदूरों के सहारे क्रूरता पूर्वक मारते पीटते बिना रूके सारी रात चलता है गौ तस्करी का सिलसिला, क्षेत्र के स्थानीय आदमी आस पास गांव के गाय, बैल, बछड़े को कम कीमत पर लेकर और खुद एक जगह इकट्ठा कर उड़ीसा के तस्करी में लिप्त मवेशी ठेकेदार को बुलाकर उसके हाथ में बेच देते हैं। और गांव से दो तीन मजदूर कर मवेशी को उड़ीसा बॉर्डर तक छोड़ कर वापस चलें आते क्योंकि लोगों को शंका ना हो कि उड़ीसा वाले ले जा रहे हैं। उड़ीसा सीमा पहुंचने पर वहां कोई भी कुछ नहीं करता है। यहां से मवेशी को ले जाते समय उड़ीसा के कोचिया मदद करने दोपहिया वाहन में आगे पीछे रेकी करते रहते हैं। तस्करी के दौरान क्षेत्र में कोई भी थाना होकर नहीं गुज़रते हैं। मालूम हो कि अगर रसेला से मेडकीडबरी, सुरगपानी होते हुए उड़ीसा सीमा और इधर कुडेडादादर, मुढीपानी, जिडार, कनफाड, मडवापथरा होते हुए भी उड़ीसा, और इधर दादरगाव नया,कोठी गांव से भी उड़ीसा,गौ तस्करों का एक रास्ता और है जो रूवाड, महुआभाटा ,दलदली, कोदोपाली,लिटीपारा ,कोडरबाय से जिधर भी ले जाएं वहां जा सकता है इन रास्तों पर एक भी थाना से गुजरना नहीं पड़ेगा।

### आलू प्याज बेच रहे ग्रामीण से लूट का प्रयास, युवक पकड़ाया

**पांडुका।** पांडुका के सप्ताहिक बाजार में गुरुवार को अपना जीवको पार्जन के लिए आलू, प्याज, हल्दी मिर्च पावडर बेच रहे व्यक्ति से लुट की कोशिश की गई जिसमें ग्राम कुटेना निवासी सेवन साहू अपने लड़के के साथ हमेशा

की तरह समान दे रहे थे। इस दरमियान सेवन दूसरे साथी के पास आलू बोरी लाने चला गया और साथ में बैठे मोहित साहू पिता सेवन साहू ग्राहक की भीड़ में समान देने लगे और उसमें 7 हजार रुपये और मोबाइल रखे हुए थे उसी बीच पाण्डुका सप्ताहिक बाजार में विक्रम ध्रुव उम्र 25 वर्ष ग्राम भीमखोज निवासी जिला महासमुंद का चोर आ धमका और पैसे से भरे बैग उठाकर भाग निकला जिसे भागता देख चोर कहकर चिल्लाते हुए मोहित अन्य लोग पीछे भागे। लोगों की मदद से पैरी कालोनी हाई स्कूल जाने वाले मार्ग के पास मौके पर पुलिस भी पहुंच गई और पकड़ लिया जिसे थाना ले जाया गया। थाना प्रभारी चिंताराम देशमुख ने बताया कि आरोपी को पकड़कर पूछताछ किया गया। बैग में रखा पैसे और मोबाइल को जप्त किया गया आरोपी के खिलाफ 303(2) के तहत जेल भेजा गया।

### बासीन में चारागाह भूमि पर अवैध फर्शी पत्थर खनन का आरोप

**फिंगेश्वर।** ग्राम बासीन के रसूखदार व्यक्ति द्वारा ग्राम चारागाह के जमीन को अपना जमीन बताकर अवैध रूप से फर्शी पत्थर निकाल रहा है। इनके इस कृत्य की जानकारी ग्रामीणों को है लेकिन इनके भय से कोई कुछ नहीं कहता ओर सामने आने से डरते हैं। उक्त बाते पूर्व सरपंच राजू सोनी ने कही। उन्होंने बताया कि इस मामले को लेकर जिला कलेक्टर को ज्ञापन दिया गया है। शासन के द्वारा इस जमीन को कब्जा मुक्त कराने का आग्रह किया गया है। कब्जा मुक्त नहीं होने पर शेष पेज 10 पर

# तीजहारिनों से भरी यात्री गाड़यां, बसों में पैर रखने तक की जगह नहीं

हरिभूमि न्यूज ▸▸ राजिम

करू भात के एक दिन पहले शनिवार को राजिम और नवापारा की सड़कें तीजहारिनों से भरी रही। हर यात्री गाड़ियों में तीजा जाने और आने वाली बहन-बेटियो को देखा गया। सभी गाड़ी हाऊसफुल रही। अधिकतर गांव के लोग बाइक में अपने बहनो-बेटियों को उनके ससुराल से लिवाकर लाए। हजारों बाइक को छोटे-छोटे बच्चों, बैग से भरा देखा गया। इस दौरान बारिश भी होती रही बावजूद तीजहारिनों के उत्साह में कोई कमी नहीं आई।

मालूम हो कि तीजा का नाम आते ही छत्तीसगढ़ की बेटियों के चेहरे पर मायके की याद और मन में अपनों से मिलने की उमंग ताजा हो जाती है। साल भर जिस पल का इंतजार रहता है, वह तीजा पर्व अब सामने है। यही वजह है कि इन दिनों जिले की सड़कों से लेकर बसों और बाजारों तक तीजा की रंगत साफ नजर आ रही है। यात्री गाड़ियां तीजहारिनों से खचाखच भरी हैं, बसों में पैर रखने तक की जगह नहीं है और मायके जाने की आतुरता में बेटियों को लेने पिता और भाई गांव-गांव से शहर की ओर दौड़ रहे हैं।

तीजा पर्व की परंपरा पोला से शुरू होकर उसके दो दिन बाद करू भात तक की अपनी अलग ही भावनात्मक कहानी है। करू भात खाने के लिए महिलाएं बेसब्री से मायके की राह देखती हैं। कहीं पिता अपनी बेटी को लेने पहुंचते हैं तो कहीं भाई अपनी बहन को ससुराल शेष पेज 10 पर

**बाइक में भी सवार होके पहुंचीं बहन-बेटियां**

बैठक : 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक कार्यक्रमों की समीक्षा

# सेवा संकल्प अभियान को जन आंदोलन बनाने जुटेंगे कार्यकर्ता

हरिभूमि न्यूज ▸▸ गरियाबंद

- जिले के प्रभारी मंत्री दयाल दास बघेल ने जनप्रतिनिधियों एवं जिला अधिकारियों की ली बैठक

खाद्य, नागरिक आपूर्ति मंत्री दयाल दास बघेल ने गरियाबंद के विश्राम गृह में जनप्रतिनिधियों, जिला संगठन पदाधिकारियों एवं विभिन्न विभागों के जिला अधिकारियों की बैठक लेकर 'सेवा संकल्प अभियान' की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने कहा कि 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक चलने वाले एक माह के अभियान को शासन, प्रशासन, जनप्रतिनिधियों और समाज के सभी वर्गों की सहभागिता एवं बेहतर समन्वय के साथ व्यापक एवं प्रभावी स्वरूप दिया जाए। प्रभारी मंत्री श्री बघेल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 25 वर्षों की जनसेवा, नेतृत्व और समर्पण की यात्रा देश के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धियों की यात्रा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी ने निरंतर कार्य करते हुए देश को विकास की नई दिशा दी है। अब वर्ष 2047 तक विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में समाज के प्रत्येक वर्ग, विशेषकर युवाओं की सक्रिय सहभागिता आवश्यक है। उन्होंने अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों से अभियान को पूरी सक्रियता के साथ सफल बनाने का आह्वान किया। उन्होंने निर्देश दिए कि अभियान की सभी गतिविधियां तिथिवार कैलेंडर के अनुसार आयोजित हों तथा सभी नोडल विभाग सक्रिय रूप से अपने दायित्वों का निर्वहन करें। जिला मुख्यालय से लेकर विकासखंड, नगरीय निकाय, ग्राम पंचायत और गांव स्तर तक कार्यक्रम आयोजित किए जाएं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों की सहभागिता सुनिश्चित की जाए तथा अभियान का संदेश अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचे। बैठक में छत्तीसगढ़ भंडार गृह निगम के अध्यक्ष चंदूलाल साहू, राजिम विधायक रोहित साहू, जिला पंचायत अध्यक्ष गौरीशंकर कश्यप, नगर पालिका गरियाबंद अध्यक्ष रिखीराम यादव पूर्व विधायक डमरूधर पुजारी, वरिष्ठ नागरिक शेष पेज 10 पर

### 17 सितंबर को शाम 7 बजे जलेगा 'आशीर्वाद का दीया'

प्रभारी मंत्री श्री बघेल ने 17 सितंबर को 'आशीर्वाद का दीया' कार्यक्रम को विशेष रूप से भव्य एवं व्यापक बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि 17 सितंबर की शाम शाम 7 बजे देशभर में एक साथ दीप प्रज्ज्वलित किए जाएंगे। गरियाबंद जिले में भी अधिक से अधिक परिवारों को इस अभियान से जोड़ते हुए दीप प्रज्ज्वलन कराया जाए। उन्होंने कहा कि जिले के प्रसिद्ध धार्मिक स्थलों जैसे भूतेश्वर नाथ मंदिर परिसर, राजिम त्रिवेणी संगम आदि में वृहद दीप प्रज्वलन किया जाए। उन्होंने मंदिरों में भी सामूहिक रूप से दीप प्रज्ज्वलन कराने, शासकीय संस्थानों में दीप जलाने तथा नागरिकों को अपने घरों में दीप प्रज्ज्वलित करने के लिए प्रेरित करने को कहा। उन्होंने पर्याप्त संख्या में दीप की व्यवस्था करने तथा लोगों को घर-घर संपर्क कर दीप प्रज्वलन के लिए प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए। प्रभारी मंत्री ने कहा कि कार्यक्रम की फोटो एवं वीडियो कवरेज भी प्रभावी तरीके से कराई जाए, ताकि इस व्यापक जनभागीदारी का संदेश जिले और प्रदेश तक पहुंचे। उन्होंने जनप्रतिनिधियों के साथ समन्वय कर आयोजन को भव्य स्वरूप देने पर विशेष जोर दिया।

# पुल से साइकिल सहित बाढ़ में बह गया युवक

हरिभूमि न्यूज ▸▸ मुड़ागांव (कोरासी)

छुरा थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत नवापारा (भ.) निवासी 31 वर्षीय युवक डिगेश्वर कुमार यादव शनिवार 12 सितंबर की सुबह बाढ़ के तेज बहाव में बह गया। घटना के बाद से पुलिस, गोताखोरों और ग्रामीणों द्वारा उसकी तलाश लगातार की जा रही है, लेकिन देर शाम तक उसका कोई पता नहीं चल सका।

मिली जानकारी के अनुसार डिगेश्वर कुमार यादव हर दिन की तरह शनिवार सुबह आश्रित ग्राम भैरा में गाय चराने के लिए गया था। गाय चराने के बाद करीब सवा आठ बजे वह अपने चाचा के साथ साइकिल से वापस नवापारा लौट रहा था। डिगेश्वर आगे-आगे साइकिल चला रहा था, जबकि उसका चाचा कुछ दूरी पीछे चल रहा था। बताया गया कि दोनों गांवों के बीच स्थित नाला के पुल को पार करते समय अचानक डिगेश्वर साइकिल सहित पुल के आगे नाला में गिर गया। नाला में बाढ़ का पानी काफी तेज होने के कारण वह खुद को संभाल नहीं पाया और तेज बहाव में बह गया। घटना को देखकर उसके चाचा ने तत्काल उसे बचाने के लिए दौड़ लगाई, लेकिन तब तक डिगेश्वर पानी के तेज बहाव में काफी दूर बह चुका था।

घटना की सूचना चाचा ने ग्रामीणों और ग्राम पंचायत के सरपंच को दी। सरपंच ने तत्काल 112 पर फोन कर पुलिस को घटना की जानकारी दी। सूचना मिलते ही छुरा पुलिस मौके पर पहुंची और गोताखोरों को बुलाकर नाले में तलाश शुरू कराई।

गोताखोरों के साथ ग्रामीणों ने भी भैरा से लेकर कसेकेरा-फिंगेश्वर क्षेत्र तक नाले में कई किलोमीटर तक तलाश की, लेकिन डिगेश्वर कुमार यादव का शेष पेज 10 पर

# संत रविदास जयंती पर भाजपा ने निकाली कलश यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फिंगेश्वर

संत रविदास जयंती पर भाजपा मंडल फिंगेश्वर द्वारा कलश की पूजा कर कलश यात्र निकाली, जो फिंगेश्वर से ग्राम बोरिद, तरजुगा, गुंडरदही, रजकट्टी, जामगांव, भेंडरी का भ्रमण कराया गया। इसके बाद सभाएं ली गई।

भाजपा के वरिष्ठ नेता रामू राम साहू, भाजपा मंडल अध्यक्ष मंजू हरित, भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश कार्य समिति सदस्य मनीष हरित, भाजपा मंडल महामंत्री भुवन लाल साहू व प्रेमलाल टोडर उत्तम राजवंशी आदि ने सभा को संबोधित किया। रामू राम साहू ने कहा कि संत रविदास का जन्म उत्तर प्रदेश के गोवर्धनपुर में 15वीं शताब्दी में हुआ था, उनका जन्म ऐसे समय हुआ जब उच्च नीच छोटा बड़ा का भेदभाव चरम सीमा पर था। उन्होंने समाज सुधार का काम किया, साथ ही कवि एवं दार्शनिक भी रहे। श्री साहू ने यह भी कहा कि संत रविदास कर्मों पर विश्वास किया करते थे। उन्होंने उनके 650 वी जयंती पर नमन कर उनके जीवनी का बखान किया। भाजपा मंडल अध्यक्ष मंजू लता हरित ने कहा कि संत रविदास धर्म पर नहीं कर्म पर ज्यादा विश्वास करते थे शेष पेज 10 पर

# गरियाबंद में वॉलीबॉल को मिलेगी नई ऊंचाइयां

हरिभूमि न्यूज ▸▸ गरियाबंद

- जिला फेडरेशन के पदाधिकारियों ने की छत्तीसगढ़ वॉलीबॉल संघ के शीर्ष अधिकारियों से सौजन्य भेंट

जिले में खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने और ग्रामीण प्रतिभाओं को राष्ट्रीय पटल पर लाने के उद्देश्य से गरियाबंद जिला वॉलीबॉल फेडरेशन के पदाधिकारियों ने छत्तीसगढ़ वॉलीबॉल संघ के प्रमुख पदाधिकारियों सचिव हेम प्रकाश नायक, उपाध्यक्ष अकरम ख़ान और को-सह सचिव न नितिन पांडे से आत्मीय सौजन्य भेंट की। इस दौरान जिले में वॉलीबॉल के विस्तार, नई बॉडी के गठन और भविष्य की खेल योजनाओं पर व्यापक चर्चा हुई।

बैठक का मुख्य केंद्र गरियाबंद में ऑल इंडिया वॉलीबॉल टूर्नामेंट आयोजित करने की महत्वाकांक्षी योजना रही। इसके अलावा खिलाड़ियों को बेहतर मंच उपलब्ध कराने, नियमित प्रतियोगिताओं के आयोजन और स्थानीय खेल प्रतिभाओं को निखारने जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर भी विस्तार से विचार-विमर्श किया गया।

राज्य अलंकरण समारोह 2026 में छत्तीसगढ़ ओलंपिक संघ के संयुक्त सचिव मोहम्मद अकरम खान को प्रतिष्ठित 'शहीद विनोद चौबे सम्मान' से अलंकृत किए जाने पर गरियाबंद जिला वॉलीबॉल फेडरेशन के सदस्यों में विशेष उत्साह देखा गया। पदाधिकारियों ने उनके निवास पहुंचकर उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट किया और खेल के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान की सराहना करते हुए ढेरों बधाइयां व शुभकामनाएं दीं।

हेम प्रकाश नायक ने कहा गरियाबंद जैसे जिलों और छोटे-छोटे गांवों से खिलाड़ियों का निकलकर नेशनल स्तर तक पहुंचना बेहद गर्व की बात है। ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिभाओं की कमी नहीं है, जरूरत सिर्फ उन्हें सही मंच और प्रशिक्षण देने की है। अकरम ख़ान ने कहा खेल अब केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि शेष पेज 10 पर

एक ही दिन हरतालिका तीज और गणेश चतुर्थी का उत्साह

# कड़ू भात आज, महिलाएं सोमवार को रखेंगी निर्जला व्रत

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रसेला

इस साल तृतीय तिथि पर रवि योग और शुक्ल पक्ष योग का दुर्लभ संयोग बन रहा है। इस साल सोमवार के दिन 14 सितंबर को एक ही दिन सुहागिनों का निर्जला तप होगा, तो दूसरी ओर गणपति के स्वागत का उमंग रहेगा। महाराज गोलू शर्मा ने बताया कि ब्रह्मा और इन्द्र योग में महिलाएं पति की दीर्घायु और अखंड सौभाग्य की कामना से कठिन व्रत रखेंगी। वहीं गणेश चतुर्थी एक ही दिन पड़ने से पर्व का उत्साह दोगुना हो जाएगा। इसके पहले आज रविवार को करू भात (करेला) सब्जी के साथ भात खाएंगे, आज रात्रि में एक दूसरे के घर जाकर खाना खाया जाएगा। और सोमवार के दिन सुहागिन महिलाएं अपने पति की लंबी उम्र को लिए निर्जला व्रत रखेंगी। व्रत के दिन प्यास न लगे इसलिए खाते है करेला, महाराज गोलू शर्मा ने बताया कि तीज व्रत से पहले कडू भात का नेग पूरा किया जाता है। इसके पीछे वैज्ञानिक तथ्य है कि करेले का सेवन करने से शरीर में पानी की कमी नहीं होती। इसलिए महिलाओं को दूसरे दिन निर्जला व्रत के दौरान प्यास नहीं लगती। शर्मा ने बताया कि हिंदू पंचांग के अनुसार, भाद्रपद मास के शुक्ल पक्ष शेष पेज 10 पर

### निराहार और निर्जला रहेगा उपवास-

मान्यता है कि इस पर्व का संबंध शिव जी और पार्वती जी से है, इस दिन महिलाएं निर्जला व्रत रखकर पति की दीर्घायु का आशीर्वाद प्राप्त करती है, वहीं कुंवारी लड़कियां मनचाहे और योग्य पति को प्राप्त करने के लिए इस दिन व्रत रखकर भगवान शिव और माता पार्वती की पूजा अर्चना करती है। इस व्रत को निराहार और बिना पानी पिए रखा जाता है। इसलिए अगले दिन सूर्योदय से पूर्व स्नान के बाद गौरीशंकर की पूजा अर्चना करने के बाद जल ग्रहण कर व्रत खोले जाते हैं। पूजा अर्चना के लिए केले के पत्ता, शमी पत्र, धतूरा फल, धतूरा के फूल, कलावा,अबीर, सफेद चंदन, कुमकुम, आक के फूल, एक जोड़ी जनेऊ, फल, दूध, घी, कपूर, धूप, पंचामृत और सोलह श्रृंगार में चुनरी, काजल, मेहंदी, सिंदूर, बिंदी, बिछिया, महावर, कंघी,शीशा आदि मां पार्वती को चढ़ाने के लिए नई हरी साड़ी, शिव जी और गणेश जी के लिए वस्त्र अर्पित किए जाते हैं। पूजा के अंत में माता पार्वती को सिंदूर अर्पित किया जाता है। कई महिलाएं अपने मायके आ गए है और जो नहीं आये है वो आज शाम रात तक अपने मायके पहुंच जाएंगे। प्रकृति और प्रेम से जुडा यह व्रत न केवल संयम की सीख देता है, बल्कि यह भी बताता है कि स्त्री पुरुष संबंध में संतुलन भी जरूरी है।

# तीन माह से मानदेय नहीं मिलने से रसोइयों के सामने आर्थिक संकट

हरिभूमि न्यूज ▸▸ मुड़ागांव (कोरासी)

अंचल के विभिन्न शासकीय स्कूलों में मध्यान्ह भोजन पकाने वाली रसोइयों को पिछले तीन माह से मानदेय नहीं मिलने के कारण उनके सामने रोजी-रोटी का संकट उत्पन्न हो गया है। कम मानदेय में सुबह से दोपहर दो-तीन बजे तक स्कूलों में काम करने वाली रसोइयों को समय पर भुगतान नहीं मिलने से वे आर्थिक परेशानियों से जूझ रही हैं। वहीं तीजा, पोला और नवाखाई जैसे प्रमुख त्योहार सामने होने के बावजूद अब तक मानदेय नहीं मिलने से उनकी चिंता और बढ़ गई है। रसोइयों के अनुसार उन्हें स्कूल में सुबह से ही पहुंचकर चूल्हा-चौका करने, चावल एवं अन्य खाद्य सामग्री की साफ-सफाई, भोजन पकाने, बर्तन धोने, बच्चों को भोजन परोसने और पानी पिलाने सहित कई तरह के कार्य करने पड़ते हैं। कई जगहों पर रसोइयों को साग-सब्जी एवं अन्य आवश्यक सामग्री लाने के लिए लंबी दूरी भी तय करनी पड़ती है। इसके बावजूद उन्हें मिलने वाला मानदेय काफी कम है और वह भी समय पर नहीं मिल रहा है। रसोइयों का कहना है कि सुबह से दोपहर तक स्कूल में कार्य करने के कारण वे इसके बाद कोई दूसरा काम भी नहीं कर पातीं। ऐसे में मानदेय ही उनकी आय का प्रमुख सहारा है। तीन माह से भुगतान लंबित होने के कारण घर-परिवार का खर्च चलाना मुश्किल हो गया है। त्योहार के समय बच्चों और परिवार के लिए आवश्यक सामान खरीदने के लिए भी उन्हें आर्थिक शेष पेज 10 पर

**खबर संक्षेप**

## दादी को बारिश से बचाते पोती

**मैनपुर।** झमाझम बारिश में दादी घरेलू काम कर रही है और उसे बारिश से बचाने स्नेह वश पोती छतरी लेकर खुद बारिश में भींगते हुए दादी को बारिश के पानी से बचा रही है।

## प्राथमिक स्कूल के छात्र पढ़ाई के साथ खेल और अन्य कलाओं का कर रहे अभ्यास

**फिंगेश्वर।** शासकीय प्राथमिक शाला पतोरा में शनिवार के अलावा अन्य दिवसों में भी खेल के लिए अलग से समय निर्धारित है जो पढ़ाई–लिखाई के साथ खेल, चित्रकारी पेंटिंग, योग, गीत कविता, नृत्य का सतत अभ्यास कराया जाता हैं। पढ़ाई करने से शरीर और मस्तिष्क थक जाते हैं। इस अवसर पर थानू निषाद शिक्षक ने बताया पढ़ाई–लिखाई के साथ खेल हमारे जीवन का अभिन्न अंग हैं।ऐसे समय में खेल खेलने से मन को ताजगी मिलती है और पढ़ाई में रुचि बढ़ती है। खेलों से शारीरिक व्यायाम होता है, जिससे शरीर स्वस्थ और चुस्त रहता है।फुटबॉल, क्रिकेट, कबड्डी, दौड़, खो–खो आदि खेल हमें सक्रिय बनाए रखते हैं। खेल हमें अनुशासन, समय–प्रबंधन,सहयोग,नेतृत्व और धैर्य जैसे गुण सिखाते हैं। खेल के मैदान में जीत के साथ हार को स्वीकार करना भी सीखते हैं।इससे आत्मविश्वास बढ़ता है और कठिन परिस्थितियों का सामना करने की क्षमता विकसित होती है। खेल पढ़ाई में भी सहायक होते हैं।नियमित रूप से कुछ समय खेलकूद में देने से तनाव और थकान कम होती है तथा एकाग्रता बढ़ती है।

## कृषि कालेज में दीक्षारंभ आयोजित नव-प्रवेशित छात्रों का हुआ स्वागत

**फिंगेश्वर।** इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर के अंतर्गत संचालित कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र, गरियाबंद में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के दिशानिर्देशों के अनुरूप शैक्षणिक सत्र 2026-27 के नव-प्रवेशित स्नातक पाठ्यक्रम के विद्यार्थियों के स्वागत एवं अनुकूलन हेतु 'दीक्षारंभ' का भव्य आयोजन दिनांक 10 सितंबर को किया गया। नियमित शैक्षणिक कक्षाएं प्रारंभ होने से पूर्व, प्रथम सेमेस्टर के अधिष्ठापन के रूप में आयोजित यह विशिष्ट कार्यक्रम दिनांक 10 सितंबर से 18 सितंबर 2026 तक संचालित होगा।महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. गिरिजेश कुमार शर्मा के कुशल मार्गदर्शन एवं शैक्षणिक प्रभारी डॉ.सौरभ पद्मशाली के समन्वयन में आयोजित इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य नवागंतुक विद्यार्थियों को महाविद्यालयीन व्यवस्था,पाठ्यक्रम संरचना और उपलब्ध संसाधनों से विस्तृत रूप से अवगत कराना है। कार्यक्रम के प्रथम चरण में विद्यार्थियों के बहुआयामी विकास हेतु विभिन्न व्यावहारिक सत्रें का संचालन किया गया। इसके अंतर्गत आयोजित विशिष्ट सामूहिक गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों के मुख्य शैक्षणिक व व्यावहारिक क्षेत्रें में उनके मजबूत एवं कमजोर पक्षों की पहचान की गई।इस व्यावहारिक सत्र का मूल ध्येय नवागंतुक छात्रें को न केवल शैक्षणिक रूप से सुदृढ़ करना है, बल्कि उनमें सामाजिक जागरूकता, नैतिक मूल्यों और जीवन मूल्यों की गहरी समझ विकसित कर उन्हें एक जिम्मेदार नागरिक के रूप में तैयार करना है। विभिन्न रचनात्मक प्रतियोगिताओं और अभ्यासों के माध्यम से छात्रें की नवाचार क्षमता को बढ़ावा देने एवं उनके समग्र व्यक्तित्व विकास तथा प्रभावी संचार कौशल हेतु सुनियोजित प्रयास किए जा रहे हैं।

**अभियान : 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक एक माह चलेगा अभियान**

# पीएम मोदी के 25 वर्षों की जनसेवा को जन जन तक पहुंचाएगा सेवा संकल्प अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जनसेवा एवं समर्पण के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर भाजपा द्वारा इस वर्ष विशेष 'सेवा संकल्प अभियान' आयोजित किया जाएगा। 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक चलने वाले इस एक माह के अभियान के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की 25 वर्षों की सेवा यात्रा, सुशासन और जनकल्याणकारी योजनाओं से आए बदलावों को जन-जन तक पहुंचाने के साथ 'विकसित भारत 2047' के संकल्प को मजबूत किया जाएगा। भाजपा जिला कार्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी बैंक (अपेक्स बैंक) के अध्यक्ष एवं प्रदेश प्रवक्ता केदार गुप्ता ने अभियान की जानकारी देते हुए कहा कि भाजपा हर वर्ष प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस पर सेवा पखवाड़ा आयोजित करती है, लेकिन इस बार 7 अक्टूबर को प्रधानमंत्री के संवैधानिक पदों पर जनसेवा के 25 वर्ष पूर्ण होने के विशेष अवसर के कारण एक माह का 'सेवा संकल्प अभियान' मनाने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने कहा कि एक साधारण कार्यकर्ता से देश के प्रधान सेवक तक प्रधानमंत्री मोदी की 25 वर्षों की यात्रा सेवा, समर्पण, सुशासन और दृढ़ संकल्प का उदाहरण है।

- सेवा, सुशासन और विकसित भारत के संकल्प पर होंगे 12 प्रमुख कार्यक्रम

**जनभागीदारी और अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं की पहुंच पर जोर**

'सेवा-मेरा योगदान' के तहत 25 अलग-अलग विषयों पर जनभागीदारी से कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिसमें आमजन से श्रमदान, समयदान और अन्य माध्यमों से देश के विकास में योगदान देने का आह्वान किया जाएगा। वहीं 'सेवा सेतु अभियान' के तहत ब्लॉक स्तर पर शिविर लगाकर विभिन्न सरकारी योजनाओं से वंचित पात्र हितग्राहियों के आवेदन लिए जाएंगे और उन्हें योजनाओं का लाभ दिलाने का प्रयास किया जाएगा। स्वास्थ्य शिविर एवं योजनाओं की जानकारी भी इन शिविरों के माध्यम से दी जाएगी।
प्रेसवार्ता में भाजपा जिला अध्यक्ष अनिल चंद्राकर, जिला महामंत्री आशीष शर्मा, चंद्रशेखर साहू, वरिष्ठ भाजपा नेता बलदेव सिंह हुंदल, सहकारिता प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक मुरलीधर सिन्हा, मंत्री सुरेन्द्र सोनटेके एवं जिला मीडिया प्रभारी राधेश्याम सोनवानी, मंडल अध्यक्ष धनराज विश्वकर्मा उपस्थित थे।

**12 प्रमुख कार्यक्रमों के जरिए पहुंचेगा सेवा का संदेश–** छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी बैंक (अपेक्स बैंक) के अध्यक्ष एवं प्रदेश प्रवक्ता केदार गुप्ता ने बताया कि अभियान के दौरान 'आशीर्वाद का दीया', 'मेरे सपनों का भारत', 'नमो सेवा-अनकही कहानियां', 'आंगन मिलन सेवा', 'सेवा की कहानी', 'सेवा ज्योति कलश यात्रा-विकसित भारत का संकल्प', 'वडनगर-वाराणसी सेवा यात्रा', 'सेवा-मेरा योगदान', 'सेवा सेतु अभियान', 'सेवा के रंग-राष्ट्र के संग', 'सेवा फर्स्ट इनोवेशन चैलेंज' और 'सुशासन संवाद' सहित 12 प्रमुख कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि 17 सितंबर को प्रधानमंत्री के जन्मदिवस पर रक्तदान शिविर के साथ अभियान की शुरुआत होगी। शाम को 'आशीर्वाद का दीया' कार्यक्रम के तहत आमजन एवं लाभार्थी परिवार प्रधानमंत्री के प्रति आभार व्यक्त करते हुए दीप जलाएंगे। 2 अक्टूबर को स्वच्छता अभियान आयोजित होगा। वहीं 'मेरे सपनों का भारत' कार्यक्रम के तहत स्कूलों में चित्रकला, ड्राइंग और भाषण प्रतियोगिताएं आयोजित कर विकसित भारत की कल्पना को विद्यार्थियों तक पहुंचाया जाएगा। 'नमो सेवा-अनकही कहानियां' के माध्यम से विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से लोगों के जीवन में आए बदलावों को नाटक एवं नुक्कड़ नाटक के जरिए गांव-गांव तक पहुंचाया जाएगा। 'आंगन मिलन सेवा' में आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और आशा दीदियों के सम्मान के साथ बच्चों एवं माताओं को पोषण, स्वास्थ्य और महिला कल्याण से जुड़ी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी।

## रक्तदान से मानव सेवा आशीर्वाद का दीया से रोशन होगा हर घर

**राजिम।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस एवं सार्वजनिक जीवन में सेवा के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी एवं भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा जल जन सेवा संकल्प अभियान के तहत जिले में सेवा एवं सामाजिक सरोकार से जुड़े कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में 17 सितंबर, गुरुवार को जिला अस्पताल में सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक विशाल रक्तदान शिविर आयोजित किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए भाजयुमो के जिला अध्यक्ष दीपक साहू ने बताया कि इस कार्यक्रम में भाजपा के जिला अध्यक्ष अनिल चंद्राकर सहित जिले के समस्त कार्यकर्ता एवं जनप्रतिनिधि सहित गणमान्य नागरिक शामिल होंगे। श्री साहू ने बताया कि रक्तदान किसी जरूरतमंद के जीवन को बचाने का पुण्य कार्य है। स्वस्थ एवं योग्य नागरिकों को आगे आकर मानव सेवा के इस महायज्ञ में अपना योगदान देना चाहिए।

रक्तदान करने वाले सभी रक्तवीरों को हेलमेट प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा। रक्तदान के साथ सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता का संदेश भी दिया जाएगा। 17 सितंबर की शाम 6 बजे विशेष सेवा संकल्प-आशीर्वाद का दीया कार्यक्रम के तहत जिले के प्रत्येक बूथ एवं ग्राम में सेवा और संकल्प की रोशनी जगाई जाएगी। इस अवसर पर नागरिकों एवं कार्यकर्ताओं से अपने-अपने घर के सामने सुंदर रंगोली सजाकर दीपक प्रज्वलित करने का आह्वान किया गया है।

# जिले में मनाया गया राष्ट्रीय वन शहीद दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद

वन एवं वन्यजीवों की सुरक्षा करते हुए अपने प्राणों की आहुति देने वाले वन विभाग के शहीदों की स्मृति में 11 सितंबर को शहीद स्मारक दिवस मनाया गया। इसी कड़ी में गरियाबंद वन विभाग परिसर स्थित शहीद स्मारक में अधिकारियों और कर्मचारियों ने वीर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम के दौरान शहीद स्मारक पर पूजा-अर्चना कर शहीदों को नमन किया गया। वर्दीधारी जवानों और कर्मचारियों ने शहीदों को सलामी दी। इस अवसर पर शहीद परिवार का सम्मान भी किया गया। वन विभाग के शहीद मधुसूदन पाटिल वनपाल के रूप में वन परिक्षेत्र नवागढ़ में सहायक परिक्षेत्र अधिकारी, दर्रीपारा के पद पर पदस्थ थे। घने जंगलों के बीच अपनी ड्यूटी निभाते हुए उन्होंने नक्सलियों की हिंसक वारदात का सामना किया। वन और वन्यजीवों की सुरक्षा के लिए अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए 21 मार्च 2011 को नक्सलियों के हाथों वीरगति को प्राप्त हुए। उन्होंने अंतिम सांस तक अपने कर्तव्यों से समझौता नहीं किया और वन सुरक्षा के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया।

शहीद मधुसूदन पाटिल के बलिदान को याद करते हुए छत्तीसगढ़ शासन द्वारा उनके नाम से सम्मान भी प्रदान किया गया। रायपुर के दीनदयाल ऑडिटोरियम में मुख्यमंत्री द्वारा शहीद मधुसूदन पाटिल के नाम से प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। शहीद स्मारक दिवस का आयोजन उन सभी वनकर्मियों के बलिदान को याद करने का अवसर है, जिन्होंने कठिन और चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में जंगल, वन्यजीव और प्राकृतिक संपदा की रक्षा करते हुए अपने प्राण न्योछावर कर दिए।

# नहरों में छोड़ा गया जलाशयों का पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नवापारा-राजिम

एक ओर गंगरेल जलाशय से महानदी में 50 हजार क्यूसेक पानी छोड़े जाने से नदी ऊफान पर है, वहीं दूसरी ओर जलाशय के पानी को नहरों में भी डायवर्ट किया गया है। नहरें इन दिनों हाउसफुल चल रही हैं। नहरों में लबालब पानी देखकर अभनपुर क्षेत्र के किसानों ने राहत की सांस ली है। खेतों में पर्याप्त पानी पहुंचने से सिंचाई को लेकर बनी चिंता अब लगभग समाप्त हो गई है। उल्लेखनीय है कि प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री धनेंद्र साहू ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को पत्र लिखकर गंगरेल जलाशय से नहरों में पर्याप्त पानी छोड़ने की मांग की थी। किसानों की जरूरत और खेती की स्थिति को देखते हुए अधिकारियों ने तत्परता दिखाते हुए नहरों में पानी छोड़ दिया। वर्तमान में अभनपुर क्षेत्र की नहरों में पानी पूरे वेग के साथ बह रहा है। नहरों में पानी आने के साथ ही किसानों के चेहरों पर भी संतोष नजर आने लगा है। धान की फसल के लिए इस समय पानी बेहद महत्वपूर्ण है। ऐसे में नहरों के हाउसफुल चलने और रुक-रुककर हो रही बारिश ने खेती के लिए अनुकूल माहौल बना दिया है। किसानों का कहना है कि अब उन्हें सिंचाई के लिए पानी की चिंता नहीं है। बारिश और नहर, दोनों का साथ मिलना इस समय फसल के लिए किसी वरदान से कम नहीं है। क्षेत्र में खेती-किसानी का काम भी तेज हो गया है। खेतों में किसान और मजदूर दिखाई देने लगे हैं। कहीं निंदाई-चलाई का काम चल रहा है तो कहीं फसल की देखभाल में किसान जुटे हुए हैं। नहरों में पर्याप्त पानी पहुंचने से सिंचाई पर निर्भर किसानों को बड़ी राहत मिली है। किसानों ने नहर में पानी छोड़ने के लिए शासन का ध्यान आकर्षित कराने पर पूर्व मंत्री धनेंद्र साहू के प्रति आभार व्यक्त किया है। किसानों का कहना है कि समय रहते उनकी समस्या को उठाए जाने से सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी उपलब्ध हो सका है।

# करोड़ों के निर्माणाधीन पुल से सूचना बोर्ड गायब

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

भाजपा सहकारिता प्रकोष्ठ प्रदेश सहसंयोजक मुरलीधर सिन्हा ने प्रेस को जारी बयान में बताया कि मैनपुर तहसील मुख्यालय से 5 किमी दूर पैरी नदी में देहारगुड़ा से खामभांटा पर लोक निर्माण विभाग के सेतु निगम द्वारा बनाये जा रहे पुल पर आए दिन बयानबाजी हो रही हैं और अब तक समय अवधि में पुल नहीं बनाए जाने पर प्रश्न चिन्ह लग रहा है। भाजपा नेता मुरलीधर सिन्हा ने आरोप लगाया कि यह ठेकेदार और विभागीय अधिकारियों का मिलीभगत का परिणाम है कि करोड़ों रुपए की पुल निर्माणाधीन है, ऐसे कार्य में विभाग द्वारा निर्देश का पालन ठेकेदार एवं संबंधित अधिकारी ने क्यों नहीं किया? निर्माण कार्य में सूचना बोर्ड क्यों नहीं लगा है? क्या जिला प्रशासन निरीक्षण में गए तो सूचना बोर्ड के तरफ नजर नहीं गयी? क्या अफसरों ने साईट पंजी का निरीक्षण करके कोई नोट एवं निर्देश लिखा है? यह भी सवाल उठता है?

- जिला प्रशासन की पारदर्शिता पर भाजपा सहकारी प्रकोष्ठ के सहसंयोजक ने उठाये सवाल

विदित हो कि पैरी नदी में बन रहे पुल समय अवधि में नहीं बनने से आवागमन में अनेक कठिनाइयां हो रही है। बच्चों को पढ़ने के लिए देहारगुड़ा स्कूल जाने के लिए निर्माणाधीन पुल में लगे प्लेट से जान जोखिम डालकर रोज पढ़ने जा रहे हैं, यह विभाग को नजर नहीं आता है क्या? मीडिया में समाचार आने और राष्ट्रीय मानव अधिकार के स्वतरू संज्ञान करने पर निन्द्रा टूटी है तब अधिकारियों का भाग दौड़ हो रहा है, इसके पूर्व जिले में निर्माणाधीन कार्यों का निरीक्षण क्यों नहीं किया जाता है? सम्बंधित ठेकेदार के पास न इंजीनियर है और न तकनीकी अधिकारी है, मुंशी के भरोसे पर निर्माण कार्य चल रहा है यह सब ठेकेदार के साथ अधिकारियों का मिली भगत है।

**पेज 9 के शेष...**

## तीजहारिनों से भरी ...

से विदा कराकर मायके ले जाता है। यह केवल एक यात्रा नहीं, बल्कि बेटी और मायके के बीच रिश्तों की उस डोर को मजबूत करने वाला अवसर है, जिसे छत्तीसगढ़ की संस्कृति में विशेष महत्व प्राप्त है।

तीजा आने से कई दिन पहले ही महिलाएं मायके जाने का मन बना लेती हैं। घर-गृहस्थी के कामकाज के बीच भी मन , मायके के लिए भटकता रहता है। इंतजार रहता है उस क्षण का, जब पिता या भाई लेने आएंगे और वह अपने मायके की चौखट पर पहुंचेगी। यही भावनात्मक लगाव तीजा को दूसरे पर्वों से अलग पहचान देता है। मायके जाने वाली महिलाओं की बढ़ती संख्या का असर यात्री परिवहन पर भी साफ दिखाई दिया है। मिनी बसों और बड़ी बसों में सामान्य दिनों की अपेक्षा कई गुना अधिक भीड़ है। सीट मिलना तो दूर, खड़े होने की जगह तक नहीं मिल रही। ऐसे में संपन्न परिवारों की महिलाएं स्पेशल बुकिंग कर चारपहिया और लग्जरी कारों से आना-जाना कर रही हैं। आसपास के गांवों से महिलाएं ऑटो, मैजिक और टेंपो जैसे छोटे वाहनों से मायके पहुंच रही हैं। वहीं ग्रामीण क्षेत्र के लोग बाइक में अपनी बहन-बेटियों को लेने पहुंचे थे। सुबह से लेकर देर रात तक सड़कों पर मायके लाने-ले जाने का सिलसिला लगातार जारी है। तीजा की तैयारी ने बाजारों को भी गुलजार कर दिया है। फैंसी दुकानों, श्रृंगार प्रसाधन केंद्रों और गिफ्ट कॉर्नरों में महिलाओं की भीड़ उमड़ रही है। साड़ी दुकानों में तो विशेष चहल-पहल है। कल सोमवार को भगवान भोलेनाथ का व्रत-उपवास रखकर पति के दीर्घायु तथा घर में सुख समृद्धि के लिए फुलेरा सजाकर पूजा-अर्चना की जाएगी। मंगलवार को फरहार की जाएगी। इस तीन दिवसीय पर्व के लिए मातृशक्ति पूरे साल इंतजार करती है। तीजा छत्तीसगढ़ की मिट्टी में रचा-बसा ऐसा पर्व है, जिसमें आस्था से ज्यादा रिश्तों की मिठास, रीति-रिवाजों से ज्यादा मायके का मोह और उत्सव से ज्यादा अपनापन दिखाई देता है।

## सेवा संकल्प अभियान...

अनिल चंद्राकर, अमित चिमनानी, कलेक्टर रणबीर शर्मा, एसपी वेदव्रत सिरमौर, डीएफओ मयंक पांडे, जिला पंचायत सीईओ प्रखर चंद्राकर, अपर कलेक्टर पंकज डाहिरे, श्रीमती ऋषा ठाकुर, नवीन भगत सहित जिला संगठन पदाधिकारी एवं विभिन्न विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

**'मेरे सपनों का भारत' में दिखेगी बच्चों की विकसित भारत की कल्पना–** 17 सितंबर से 7 अक्टूबर तक शासकीय एवं निजी विद्यालयों में 'मेरे सपनों का भारत' के तहत भाषण एवं ड्राइंग प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। प्रभारी मंत्री ने कहा कि प्रतियोगिताओं का विषय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के 25 वर्षों के सेवा कार्यों और विकसित भारत की परिकल्पना से जुड़ा हो। उन्होंने कहा कि बच्चों के माध्यम से जनधन खाता, स्वच्छ भारत मिशन, प्रधानमंत्री आवास योजना, जल जीवन मिशन, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, सड़क एवं डिजिटल कनेक्टिविटी सहित केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न विकास योजनाओं से आए बदलावों को रचनात्मक रूप में सामने लाया जाए। उत्कृष्ट रचनाओं की प्रदर्शनी लगाकर प्रतिभागियों को सम्मानित किया जाए। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के माध्यम से किसानों के खातों में प्रतिवर्ष 6 हजार रुपये की सहायता पहुंच रही है। प्रदेश में किसानों से 3100 रुपये प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदी की जा रही है।

'सेवा स्मरण' से गांव-गांव पहुंचेगी जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी

17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक 'सेवा स्मरण' के अंतर्गत गांवों, विद्यालयों एवं सार्वजनिक स्थलों पर नुक्कड़ नाटकों का आयोजन किया जाएगा। संगीत एवं नाट्य प्रस्तुति के माध्यम से केंद्र एवं राज्य शासन की योजनाओं, जनसेवा एवं विकास कार्यों की जानकारी आम नागरिकों तक सरल और रोचक तरीके से पहुंचाई जाएगी। 25 सितंबर से 7 अक्टूबर तक आंगनवाड़ी केंद्रों में 'आंगन का मिलन' कार्यक्रम आयोजित होगा। इसमें माताओं एवं बच्चों को पोषण, मातृ स्वास्थ्य, टीकाकरण एवं महिला-बाल कल्याण योजनाओं के संबंध में जागरूक किया जाएगा।

## पुल से साइकिल...

अभी तक कोई सुराग नहीं मिल पाया है। युवक के बाढ़ में बहने की खबर आसपास के गांवों में तेजी से फैल गई, जिसके बाद बड़ी संख्या में ग्रामीण घटनास्थल के पास पहुंचकर तलाश अभियान में जुटे रहे। पुलिस और ग्रामीणों द्वारा युवक की तलाश लगातार जारी है।

## संत रविदास जयंती...

उनका कार्य जूता बनाना रहा, किंतु महान संत एवं विद्वान भी रहे हैं जो समाज के लिए अनुकरणीय हैं। मनीष हरित ने कहा कि संत रविदास का विचार उत्कृष्ट रहा है।अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष उत्तम राजवंशी ने कहा कि संत रविदास अनेकों गुणों के खान रहे हैं। वह कवि एवं विद्वान तथा संत रहे हैं।मीराबाई उनके महान शिष्यों में रही है।उन्होंने कर्म पर जोर दिया और कहा की मन चंगा तो कटौती में गंगा। कार्यक्रम का संचालन मंडल महामंत्री भुवन लाल साहू ने किया तथा आभार प्रदर्शन महामंत्री प्रेमलाल टोडर ने किया। कलश यात्र में रामू राम साहू, मंजू लता हरित,भुवन लाल साहू ,प्रेमलाल टोडर,मनीष हरित,उत्तम राजवंशी, मकसूदन साहू,भुनेश्वर साहू ,बूथ अध्यक्ष पीतांबर सोनकर,बसंत साहू, विजय ध्रुव, अरुण सिन्हा,सरपंच रेणुका डहरिया, नीरा साहू, कौशल्या साहू, मंजू साहू रजकट्टी से सरपंच युधिष्ठिर साहू,करण कुमार साहू, कृपाराम बंजारे, हेमलाल साहू,गुंदरदेही के रोशन साहू खिलेश्वर साहू, देवनाथ ध्रुव,दयाराम साहू,श्रीमती केसरी ध्रुव,भावेश कुमार तरजूंगा,शिव कुमारी अडवंशी,दिलीप कुमार साहू,लच्छू राम साहू,रमेश कुमार साहू,मेघनाथ साहू,,ग्राम भेड़री में मेहतर राम साहू,सदा राम सिन्हा कामता सिन्हा,रामनाथ सिन्हा, कांति, चुंबन बाई आदि शामिल हुए।

## गरियाबंद में वॉलीबॉल...

युवाओं के करियर का माध्यम बन चुका है। गरियाबंद में ऑल इंडिया वॉलीबॉल टूर्नामेंट जैसे बड़े आयोजन से जिले को खेल के नक्शे पर एक नई पहचान मिलेगी।

बैठक में छत्तीसगढ़ वॉलीबॉल संघ के सह सचिव नितिन पांडे के साथ-साथ गरियाबंद जिला वॉलीबॉल फेडरेशन के तमाम पदाधिकारी प्रमुख रूप से मौजूद रहे, जिनमें जीडी उपासने, हरमेश चावड़ा, विजय सिन्हा, प्रकाश सरवैया, छगन यादव, इमरान मेमन, प्रकाश सोनी, ललित साहू, नमन सेन, नरेंद्र साहू, मलय निर्मलकर, संतोष यादव, प्रहलाद यादव, गौतम गुप्ता, कन्हैया कश्यप, मोनू सिन्हा सहित अन्य खेल प्रेमी शामिल थे।

## बासीन में चारागाह...

आगे की कार्यवाही की जायेगी। उक्त जमीन मे कब्जा किसका है? अवैध खनन कौन कर रहा है इस बात की प्रमाणीकरण राजस्व विभाग के सीमांकन के बाद ही क्लीयर हो पायेगा और पूर्णतः प्रमाणीकरण होगा। वहीं पर मौनी बाबा बने हुए खनिज विभाग की जांच रिपोर्ट भी सामने आ पायेगी। जांच उपरांत ही सारे निष्कर्श सामने आयेंगे।

## कड़ू भात आज...

की तृतीय तिथि 13 सितंबर की सुबह 7.08 बजे शुरू होकर 14 सितंबर की सुबह 7.06 बजे समाप्त होगी। तृतीय तिथि 14 सितंबर की सुबह में विद्यमान रहने के कारण हरतालिका तीज सोमवार को मनाई जाएगी।

## तीन माह से मानदेय...

परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

**काम के लिए रसोइया ढूंढना भी मुश्किल–** कम मानदेय और समय पर भुगतान नहीं होने के कारण कुछ रसोइये अब यह कार्य करने में अनिच्छा जाहिर कर रहे हैं। स्कूलों में मध्यान्ह भोजन व्यवस्था के लिए रसोइया ढूंढना भी मुश्किल होता जा रहा है। रसोइयों का कहना है कि उनसे लंबे समय तक काम लिया जाता है, लेकिन इसके अनुपात में मानदेय बेहद कम है। रसोइयों ने तुलना करते हुए कहा कि स्कूलों में कम अवधि तक कार्य करने वाले सफाई कर्मचारियों को अपेक्षाकृत अधिक मानदेय मिलता है, जबकि मध्यान्ह भोजन की पूरी व्यवस्था संभालने वाली रसोइयों को कम मानदेय में अधिक समय तक काम करना पड़ता है। रसोइयों ने संबंधित विभाग से लंबित तीन माह के मानदेय का शीघ्र भुगतान करने की मांग की है, ताकि त्योहार के समय उन्हें आर्थिक राहत मिल सके और वे अपने परिवार का भरण-पोषण कर सकें।

## पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट

**महासमुंद।** मारपीट के मामले में बसना थाना में तीन लोगों के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को ग्राम पिपरौद के नरेंद्र कुमार बारिक ने बताया कि 11 सितंबर को वह चिवराकुटा अस्पताल जा रहा था, करीबन 8 बजे भंवरपुर जाने के रास्ते में मोड़ के पास रूका था, वहां आए उसके साले मधुसूदन बेहरा ने पुरानी बात को लेकर गाली गलौज करते हुए अपने घर वालों को फोन कर बुलाया, इसके बाद वहां पर हलधर बेहरा व शंखसूदन बेहरा आये व तीनों ने एक राय होकर गाली गलौच कर जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट की। मामले की रिपोर्ट पर आरोपियों के खिलाफ धारा 115(2), 296, 3(5), 351(3) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

## मेडिकल दुकान के सामने से वाहन चोरी

**महासमुंद।** मेडिकल दुकान के सामने खड़ी एक्टिवा वाहन चोरी के मामले में सरायपाली थाने में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस को प्रार्थी सेवाशंकर अग्रवाल ने बताया कि उसकी होंडा एक्टिवा स्कूटर क्रमांक सीजी 06 जीक्यू 2326 09 सितंबर की रात लगभग 01.40 बजे उसके दुकान के सामने से चोरी हो गई। मामले की रिपोर्ट पर सरायपाली पुलिस ने अज्ञात आरोपी के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया है।

## खबर संक्षेप

### अमित बघेल ने अमलीपदर के जगन्नाथ मंदिर में की पूजा

**मैनपुर।** गरियाबंद जिले के मैनपुर विकासखंड अंतर्गत ग्राम अमलीपदर स्थित प्रसिद्ध जगन्नाथ मंदिर में दर्शन करने के लिए छत्तीसगढ जोहार पार्टी के केन्द्रीय अध्यक्ष अमित बघेल प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अजय यादव के साथ वरिष्ठ पदाधिकारी पहुंचे और भगवान जगन्नाथ की पूजा अर्चना कर क्षेत्र में सुख- शांति समृद्धि और खुशहाली की कामना किया। इस दौरान अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित युवराज पांडेय से आत्मीय मुलाकात किया। इस दौरान पंडित युवराज पांडेय ने अमित बघेल का प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मान किया। छत्तीसगढ जोहार पार्टी के केन्द्रीय अध्यक्ष अमित बघेल ने कहा रथ यात्र पर्व के दौरान नही आ पाया था इसलिए आज आया हूं भगवान जगन्नाथ से पूरे प्रदेश मे सुख शांति समृध्दि के लिए प्रार्थना किये है। मंदिर दर्शन के पश्चात अमित बघेल ने पंडित युवराज पांडे से विशेष मुलाकात की। चर्चा के दौरान बघेल ने क्षेत्र की स्थिति पर विचार–विमर्श करते हुए पंडित युवराज पांडे की सुरक्षा को लेकर गंभीर चिंता व्यक्त की। उन्होंने प्रशासन से उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग भी दोहराई।

### एकलव्य विद्यालय में मॉडल यूथ ग्रामसभा का आयोजन

**छुरा।** मॉडल यूथ ग्रामसभा का आयोजन एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय कोसमबुड़ा में किया गया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को जमीनी स्तर पर लोकतंत्र, पंचायत व्यवस्था और स्थानीय शासन की कार्यप्रणाली का व्यावहारिक अनुभव देना है। इसके माध्यम से विद्यार्थियों में सार्वजनिक भाषण, तर्कपूर्ण विचार-विमर्श, नेतृत्व क्षमता, संवैधानिक चेतना, समस्या निवारण की सोच तथा सामाजिक उत्तरदायित्व जैसे अमूल्य गुणों का सर्वांगीण विकास होता है। पिछले वर्ष (2025) विद्यालय की टीम ने इस 'मॉडल यूथ ग्राम सभा' प्रतियोगिता में संपूर्ण राज्य एवं देश में प्रथम स्थान प्राप्त कर 1 करोड़ का ऐतिहासिक पुरस्कार जीता था। कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. कमलाकांत यादव ने कहा ग्राम सभा केवल कागजी प्रक्रिया या औपचारिकता नहीं है, बल्कि यह हमारे भारतीय लोकतंत्र की सबसे मजबूत नींव है। जब तक हमारे युवा गांव और स्थानीय शासन की समस्याओं, उनके अधिकारों और कर्तव्यों को नहीं समझेंगे, तब तक एक सशक्त भारत का निर्माण संभव नहीं है। उन्होंने गत वर्ष की 1 करोड़ की ऐतिहासिक उपलब्धि का स्मरण कराते हुए विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया और कहा कि हमारी पुरानी टीम ने राष्ट्रीय स्तर पर जो इतिहास रचा था, मुझे पूरा विश्वास है कि हमारी यह नई टीम भी उसी जुनून, निष्ठा और समर्पण के साथ लोकतंत्र के इन मूल्यों को मंच पर जीवंत करेगी। ग्राम सभा के अंत में सरपंच (विजया) ने सर्वसम्मति से प्रस्तावों को पारित कर सभा समाप्ति की घोषणा की।

### पुलिस ने गणेश पंडालों में डिजिटल फ्रॉड से बचने दिए टिप्स

**मैनपुर।** इन दिनों सुरक्षित डिजीटल जीवन हमारी जिम्मेदारी, सायबर जागरूकता अभियान के तहत मैनपुर पुलिस द्वारा अनेक कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है। शनिवार को मैनपुर नगर के विभिन्न गणेश उत्सव समिति के पंडालो में पहुंचकर सायबर जागरूकता के संबंध मे जानकारी दिया गया। गांधी चौक मैनपुर में पुलिस द्वारा सायबर जागरूकता के संबंध मे जानकारी देते हुए डिजीटल फ्राड, ओटीपी शेयर नही करने एवं अन्य विषयों पर कहा गया।

**सुविधा : दूरस्थ वनांचल के कमार ग्राम काठीपारा मे पहुंचा बिजली की रोशनी**

# वनांचल गांवों में पहुंची बिजली रोशनी से जगमगा गए घर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ मैनपुर

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सुशासन में गरियाबंद जिले के आदिवासी बहुल्य क्षेत्र के दर्जनभर विशेष पिछड़ी जनजाति कमार ग्रामों मे पिछले ढाई वर्षो के भीतर पहलीबार बिजली की रोशनी पहुंचने से ग्रामीणों के जीवन मे नया उजाला आया है लंबे समय से लालटेन युग अंधेरा का सामना कर रहे इन वनांचल क्षेत्रें मे बिजली के बल्ब जलने से ग्रामीणों के चेहरो पर खुशी और मुस्कान तैर उठी है। खासकर बारिश के इन दिनों मे जंगली जीव जन्तुओ व जहरीले सर्प कीड़े मकौड़ों से उन्हे राहत मिली है। बिजली आने से न केवल गांव के घर रोशन हुए है बल्कि बच्चों की पढाई खेती किसानी में ट्यूबवेल की सुविधा दैनिक कामकाज में भी बड़ी राहत मिली है। ग्रामीणों ने इस पहल के लिए प्रदेश सरकार का आभार व्यक्त करते हुए इसे अपने क्षेत्र के विकास के लिए एक ऐतिहासिक कदम बताया है तो वहीं दूसरी ओर अब नक्सल मुक्त क्षेत्र घोषित होने के बाद अन्य दुर्गम क्षेत्रें मे बिजली पहुंचाने के लिए सरकार द्वारा कार्ययोजना तैयार कर युध्द गति से कार्य प्रारंभ कर दिया गया है ताकि आने वाले कुछ माह मे कई गांवो मे बिजली के रोशनी और पहुंचने की उम्मीद है मैनपुर क्षेत्र के अति नक्सल प्रभावित ईलाके के नाम से जाने वाले छोटे गोबरा के आश्रित ग्राम जो कमार बहुल्य गांव है इस गांव मे भी बिजली विभाग द्वारा खंभा लगाकर ट्रांन्सफार्मर लगाया जा चुका है और उसमें बिजली प्रवाह प्रारंभ कर दिया गया है हालांकि घरो में अभी बिजली का कनेक्शन नही दिया गया है नदी मे बाढ कम होने के बाद लोगो के धरो में बिजली के कनेक्शन लगाकर आने वाले सप्ताह तक काठीपारा भी बिजली के रोशनी से जगमगा उठेगा।

### काठीपारा में लाइन चालू जल्द मिलेंगे कनेक्शन

बिजली विभाग मैनपुर के सहायक अभियंता संजीव बंजारे ने बताया कि गोबरा काटीपारा में बिजली के ट्रान्सफार्मर लगाकर लाईन चालू कर दिया गया है आने वाले सप्ताह तक सभी के घरों में बिजली के कनेक्शन दिया जायेगा। उन्होने बताया कि पिछले ढाई वर्षों में एक दर्जन से अधिक गांवो पारा टोला मे बिजली पहुंचाई गई है और कई गांवों मे बिजली पहुंचाने के लिए कार्य योजना तैयार कर लिया गया है।

### दर्जनभर गांवों में पहुंच रही है रोशनी

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के ढाई वर्ष के कार्यकाल में गरियाबंद जिले के दर्जनभर गांव पाराटोला में बिजली पहुंचाई गई और ग्रामीणों को अंधेरे से छुटकारा मिला साथ ही उनमें विकास की उम्मीद बंधी जिसमें मैनपुर विकासखण्ड के ग्राम लुठापारा, बड़ेगोबरा, भीरालाट कमारपारा, छिन्दौला, गोबरा कमारपारा जैसे गांवो में बिजली लगाई गई है। यहां के ग्रामीण आजादी के पिछले सात दशक से बिजली की मांग कर रहे थे लेकिन ग्रामीणों की इस गंभीर मांग के तरफ अब तक ध्यान नही दिया गया था ।

**जिला नक्सल मुक्त घोषित होने के बाद गांव के विकास के लिए लगातार कार्य जारी-** प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के लगभग ढाई वर्श के कार्यकाल के भीतर ग्रामीण क्षेत्रे के विकास के लिए और खासकर महिला सशक्तिकरण की दिशा में महतारी वंदन योजना का लाभ हर गांव और हर घर तक पहुंच रही है। 70 लाख से अधिक महिलाओ को प्रतिमाह एक हजार रूपये की आर्थिक सहायता सीधे उनके बैंक खाते से मिलती है जिससे उन्हे आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने पोशण और स्वास्थ्य में सुधार करने समाजिक समानता और खासकर गरीब और जरूरतमंद परिवारो के लिए एक बड़ा सहारा बना है यह योजना ग्रामीण क्षेत्र के गरीब महिलाओ के लिए वरदान साबित हुआ है तो वही दूसरी ओर गरियाबंद जिले के आदिवासी ग्रामो में हजारो की संख्या में जनमन योजना एवं प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पक्का मकान बनाने का सपना पूरा हुआ है।

# विधायक रोहित साहू आज अपने गृहग्राम में बेटियों का करेंगे सम्मान

**पिपरछेड़ी-सेम्हरतरा में अनोखा आयोजन, सम्मान के साथ संस्कृति और अपनत्व का दिखेगा संगम, सामूहिक रूप से खाएंगे करू भात**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ राजिम

तीज की उमंग, मायके की मिठास और बहन-बेटियों के सम्मान की परंपरा रविवार को पिपरछेड़ी और सेम्हरतरा में एक अलग रंग में नजर आएगी। विधायक रोहित साहू अपने गृहग्राम में तीजहारिन बेटियों और बहनों का सम्मान कर उनके साथ करू भात की खुशियां साझा करेंगे। श्री सृजन युवा समिति एवं नवचेतना युवा मंच द्वारा आयोजित यह अनोखा कार्यक्रम रिश्तों की गर्माहट और छत्तीसगढ़ी संस्कृति को एक मंच पर लाने वाला होगा।

दिन में सम्मान समारोह के दौरान बहन-बेटियों को सम्मानित किया जाएगा। इसके बाद रात में सामूहिक करू भात का आयोजन होगा, जिसमें विधायक रोहित साहू भी सहभागिता करेंगे। कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का भी सिलसिला चलेगा। बहन-बेटियां गीत, नृत्य और अन्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा दिखाएंगी। तीज पर्व में करू भात का विशेष महत्व है। विधायक के गृहग्राम में होने वाले इस आयोजन को लेकर ग्रामीणों में खासा उत्साह है। आयोजन का सबसे खास पहलू यह है कि इसमें बहन-बेटियों को केवल पर्व की सहभागी नहीं, बल्कि सम्मान की केंद्र बिंदु बनाया गया है। सम्मान, संस्कृति और सामूहिकता के इस संगम से पिपरछेड़ी और सेम्हरतरा में रविवार की शाम तीज की खुशियों से सराबोर होगी। इस अवसर पर 13 सितंबर रविवार को दोपहर 3 बजे ग्राम पंचायत भवन सेम्हरतरा में विधायक रोहित साहू के करकमलों से भूमिपूजन कार्यक्रम होगा। इसके पूर्व दोपहर 12 बजे से खेलकूद, बौद्धिक प्रतियोगिता एवं प्रश्नमंच का आयोजन होगा। भूमि पूजन के पश्चात विधायक श्री साहू ग्रामीणों एवं युवाओं के साथ खेल प्रतियोगिताओं में भी सहभागिता करेंगे। इसके बाद शाम 5 बजे से रात्रि 9 बजे तक ग्राम पीपरछेड़ी में सामूहिक करु भात का आयोजन होगा। इसमें ग्रामीण अपने परिवार एवं स्वजनों के साथ सामूहिक रूप से भोजन करेंगे। युवाओं की यह पहल गांव की एकता, सामाजिक समरसता, आपसी प्रेम और भाईचारे की भावना को मजबूत करने वाली सराहनीय पहल है।

# कुरुद में 20 सितंबर को प्रकृति शिक्षण विज्ञान यात्रा का राज्य अलंकरण समारोह

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फिंगेश्वर

- 10 उत्कृष्ट शिक्षक व समाजसेवी होंगे सम्मानित

प्रकृति शिक्षण विज्ञान यात्र छत्तीसगढ़ द्वारा शिक्षा,विज्ञान,पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता, स्वास्थ्य,कला–संस्कृति, समाज सेवा, महिला सशक्तिकरण, रूढ़िवादिता एवं अंधविश्वास उन्मूलन तथा जन–जागरूकता के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले शिक्षकों एवं समाजसेवियों के सम्मान के लिए राज्य अलंकरण 2026 समारोह का आयोजन किया जा रहा है। उक्त गरिमामय समारोह का आयोजन 20 सितंबर 2026,रविवार को प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन अकादमिक भवन, राखी मोड़ (चरमुड़िया), कुरुद, जिला धमतरी मे रखा गया है.कार्यक्रम सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक निर्धारित है। इस कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के सभी जिलों से चयनित और अन्य राज्यों से 10 शिक्षक सम्मानित होंगे। इस राज्य स्तरीय समारोह में पूरे छत्तीसगढ़ के सभी जिलों से शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट एवं नवाचारी कार्य करने वाले शिक्षक तथा समाज सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले समाजसेवियों का चयन किया गया है।चयनित प्रतिभाओं को मुख्य अतिथि सुरेश अग्रवाल के हाथों सम्मानित किया जाएगा।संस्था के लखन लाल साहू ने बताया कि छत्तीसगढ़ में यह पहली ऐसी टीम के रूप में कार्य कर रही है,जो धरातल पर वास्तविक रूप से कार्य करने वाले शिक्षकों एवं समाजसेवियों को खोजकर,उनके कायोंर् का मूल्यांकन कर सम्मानित करने तथा उनके सकारात्मक कायोंर् को समाज के सामने लाकर प्रोत्साहित करने का प्रयास कर रही है।

**नागपुर के सुरेश अग्रवाल होंगे मुख्य अतिथि-** इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सुरेश अग्रवाल, संस्थापक राष्ट्रीय अपूर्व विज्ञान मेला नागपुर(महाराष्ट्र) होंगे।अध्यक्षता अभिषेक शुक्ला, प्रकृति शिक्षण विज्ञान यात्र छत्तीसगढ़ करेंगे। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में समारोह में डॉ. राकेश कुमार सोनी, उप- कुलसचिव, अंजनेय विश्वविद्यालय, नया रायपुरय जगजीत सिंह धीर,जिला शिक्षा अधिकारी दुर्ग, पद्मश्री अजय कुमार मंडावी, छत्तीसगढ़ नीरज वर्मा, इसरो साइंस एक्टिविस्ट, महाराष्ट्रय मनोज मिश्रा, संस्थापक, विकास फैमिली क्लब, बक्सर, बिहार, रश्मि वर्मा, आरके साइंस पार्क,गोंदिया, महाराष्ट्र,संध्या कुशाल,विज्ञान संचारक,जिला बस्तर एवं मोतीलाल देवांगन, समन्वयक,प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन, कुरुद, विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में लखन लाल साहू, अशोक जंघेल,भुनेश्वर मरकाम, बृजलाल मंडावी, मनीष अहीर, हेमंत उइके, पूरन लाल साहू समीक्षा गायकवाड, ब्रजेश्वरी रावटे, परविंदर कौर गिल सहित टीम के सभी सदस्य कार्यक्रम की व्यवस्थाओं एवं तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुटे हैं। राज्य प्रवक्ता मनीष अहीर ने बताया कि प्रकृति शिक्षण विज्ञान यात्रा छत्तीसगढ़ ने बताया कि संस्था का उद्देश्य ऐसे शिक्षकों और समाजसेवियों को सामने लाना है, जो सीमित संसाधनों के बावजूद अपने क्षेत्र में निरंतर धरातल पर कार्य कर रहे हैं।उन्होंने कहा कि ऐसे वास्तविक कार्यकर्ताओं का सम्मान निश्चित रूप से अन्य शिक्षकों, विद्यार्थियों और समाजसेवियों को भी बेहतर कार्य करने के लिए प्रेरित करेगा।उक्त जानकारी प्रकृति शिक्षण विज्ञान यात्र के शिक्षक पूरन लाल साहू ने दी।

# कौंदकेरा व फिंगेश्वर में राष्ट्रीय नेत्रदान पखवाड़ा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फिंगेश्वर

नेत्रदान कार्यक्रम के अंतर्गत जिला चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. यु एस नवरत्न एवं जिला अंधत्व निवारण समिति के जिला नोडल अधिकारी डॉ.टी.एस. पात्रे के निर्देशन एवं खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ. स्नेहलता हुमने के मार्गदर्शन में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कौन्दकेरा के नेत्र सहायक अधिकारी वाणी आराधना साहू के द्वारा राष्ट्रीय नेत्रदान पखवाड़ा के अंतर्गत क्षेत्र विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसका मुख्य उद्देश्य आम जनता को नेत्रदान के महत्व के प्रति जागरूक करना और समाज में फैली भ्रांतियों को दूर करना रहा।बिहान कौन्दकेरा में संगोष्ठी का आयोजन किया गया।कार्यक्रम की शुरुआत में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान कौन्दकेरा में एक विशेष संगोष्ठी का आयोजन किया गया।इस संगोष्ठी में बिहान समूह की महिलाओं और स्थानीय ग्रामीणों को नेत्रदान के महत्व के बारे में विस्तार से बताया गया।वक्ताओं ने जानकारी दी कि एक व्यक्ति का नेत्रदान दो –ष्टिहीन लोगों के जीवन में उजाला ला सकता है।स्थित महिलाओं को नेत्रदान के संकल्प के लिए प्रेरित किया गया ताकि वे अपने परिवार और समाज में इसका संदेश फैला सकें।

इसी कड़ी में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कौन्दकेरा में भी जागरूकता सत्र आयोजित किया गया।यहाँ अस्पताल आने वाले मरीजों और उनके परिजनों को नेत्रदान से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियों जैसे–मृत्यु के कितने समय के भीतर नेत्रदान किया जा सकता है और इसकी क्या प्रक्रिया होती है आदि से अवगत कराया गया।नेत्र सहायक अधिकारी वाणी आराधना साहू ने लोगों को नेत्रदान फॉर्म भरने और इस पुनीत कार्य में सहभागी बनने की अपील की।

### स्वामी आत्मानन्द स्कूल फिंगेश्वर में हुआ समापन

**लोगों को जागरुक करने का लिया संकल्प-** नेत्रदान पखवाड़ा के इस अभियान का विधिवत समापन स्वामी आत्मानन्द उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय, फिंगेश्वर में किया गया। समापन समारोह में स्कूली छात्र-छात्राओं को नेत्र सहायक अधिकारी पुरुषोत्तम निर्मलकर एवं योगानंद चक्रधारी ने नेत्रदान के संबंध में सभी को जागरूक किया गया, ताकि युवा पीढ़ी इस सामाजिक बदलाव की वाहक बन सके। इस दौरान बच्चों ने भी समाज में नेत्रदान के प्रति चेतना जगाने का संकल्प लिया।इस पूरे अभियान में नेत्र सहायक अधिकारी पुरूषोत्तम निर्मलकर, योगानंद चक्रधारी,वाणी आराधना साहू प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी विद्यावती बंजारे, भावना चंद्राकर, उमेश साहू,बी. आर. चक्रधारी,रवि विश्वकर्मा, खिलेश्वरी वर्मा, गीता साहू, गीता सोनवानी, मीरा साहू, अंजू मन्नाडे, मीरा साहू, रेणु दिवाकर, सुरेश घोघरे, विद्यालय के शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं तथा स्थानीय नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# राजा तालाब में महतारी घाट का भूमि पूजन, सेनेटरी पैड मशीन का उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ छुरा

नगर पंचायत में महिला स्वास्थ्य एवं पर्यावरण संरक्षण से जुड़े विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस दौरान राजा तालाब में महतारी घाट निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया गया। इसके साथ ही स्वामी आत्मानंद हिन्दी माध्यम विद्यालय में सेनेटरी पैड मशीन का उद्घाटन किया गया। राजा तालाब में महतारी घाट के निर्माण से नागरिकों को आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की गई है। वहीं स्वामी आत्मानंद हिन्दी माध्यम विद्यालय में सेनेटरी पैड मशीन की सुविधा शुरू होने से छात्राओं को मासिक धर्म स्वच्छता के संबंध में सुविधा एवं जागरूकता मिलेगी। इसी अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती लुकेश्वरी निषाद जी का जन्मदिन भी था। हालांकि हाल ही में नगर के दो युवा बेटे-बेटियों के असामयिक निधन से नगर में शोक का वातावरण है। इसे ध्यान में रखते हुए अध्यक्ष ने अपना जन्मदिन सादगी एवं संवेदनशीलता के साथ मनाने का निर्णय लिया।

अध्यक्ष लुकेश्वरी निषाद की इस पहल को उपस्थित लोगों ने संवेदनशील एवं अनुकरणीय कदम बताते हुए सराहा। जन्मदिन को व्यक्तिगत उत्सव के बजाय समाज और पर्यावरण के प्रति समर्पण के रूप में मनाने का संदेश कार्यक्रम के माध्यम से दिया गया। इस अवसर पर नगर पंचायत के उपाध्यक्ष समीम खान पार्षद सलीम मेमन,दीप्ति यादव, यामीन ट्रांसजेंडर, पूर्व सभापति थानसिंह निषाद, नारायण पटेल, निखिल साहू, पीयूष सिन्हा,मयंक सोनी, कुश साहू, सुनीता चंद्राकर, संतोष ध्रुव, भीषेक पांडेय,प्राचार्य एन सी साहू,विनोद देवांगन, के पी साहू, रामाधार यादव, मनोज दुबे,धनेश्वर नाग ,मिथलेश सिन्हा, परमेश्वर सिन्हा, दानेश्वर निर्मलकर, वेदप्रकाश मरकाम, मेघराज यादव,एकलव्य शर्मा जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी, विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह का अशोक बजाज ने विमानतल पर किया स्वागत

**नवापारा-राजिम।** केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा एवं केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू का सक्ती के कार्यक्रम से रायपुर वापस लौटने पर वरिष्ठ भाजपा नेता एवं प्रदेश कार्यालय मंत्री अशोक बजाज सहित भाजपा के वरिष्ठ नेताओं ने गर्मजोशी से स्वागत किया। नई दिल्ली रवाना होने के पूर्व व्ही आई पी लाउंज में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने प्रदेश के नेताओं से चर्चा की तथा युवा मोर्चा के दिनों का स्मरण साझा किया। इस अवसर पर कृषि मंत्री रामविचार नेताम, विधायक पुरंदर मिश्रा, प्रदेश महामंत्री अखिलेश सोनी, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष प्रेमप्रकाश पांडेय, पूर्व विधायक देवजी पटेल, डॉ॰ सलीम, राज, अमित साहू, आकाश विग, पुष्पेन्द्र सिंह आदि नेता उपस्थित रहे।

### भारतीय किसान संघ की बैठक हुई

**महासमुंद।** भारतीय किसान संघ की जिला बैठक देव संस्कृति उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में संपन्न हुई। कार्यक्रम का शुभारंभ देव संस्कृति उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य एवं किसान संघ के अध्यक्ष कुबेर प्रकाश गिरी द्वारा भगवान बलराम एवं भारत माता की छाया चित्रों पर पुष्पमाला एवं दीप प्रज्ज्वलित करके किया गया। कार्यक्रम की प्रारंभ में स्कूल के महिला स्टाफ को तीजा पर्व के तहत सम्मान स्वरूप उपहार स्वयं के व्यय से प्रदान किया। उसके बाद बैठक में किसानों की विभिन्न समस्याओं के निदान हेतु रखा गया। जिसमें फसल बीमा, उपसंचालक द्वारा मनमर्जीपूर्वक शासकीय नये-नये योजनाओं के दुरुपयोग आदि विषय पर बातें 70 वर्षीय वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता कुबेर गिरी गोस्वामी ने रखी।

## निधन

### ईश्वरी राम यादव

**रसेला।** मदनपुर के निवासी ईश्वरी राम यादव 74 वर्ष का शनिवार को निधन हो गया। जिसका अंतिम संस्कार गांव के मुक्तिधाम में किया गया। वे संतोष यादव, टेकेन्द्र यादव, निर्मला यादव के पिता और पंकज, नवीन के दादा थे।

### गणेश सोनी

**छुईहा बेलर।** गणेश सोनी उम्र 74 वर्ष का गृह ग्राम निज निवास ग्राम खुटेरी का वरिष्ठ नागरिक का शनिवार को निधन हो गया। वह कांग्रेस पार्टी का आजीवन सक्रिय कार्यकर्ता थे एंव डोमन सोनी ज्वेलर्स का पिता थे। स्थानीय मुक्तिधाम में अंत्येष्टि पश्चत शोक श्रद्धांजलि दी गई। क्षेत्र भर से वरिष्ठजन उपस्थित थे।

# ग्रामीणों की मांगों को पूरा करना मेरी जिम्मेदारी : विधायक जनक ध्रुव

## ग्राम अचानपुर में रंगमंच भवन का लोकार्पण किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

ग्रामीणों की सभी मांगो को पूरा करना और उनके उम्मीदों पर खरा उतरना मेरी जिम्मेदारी है पिछले वर्श इसी बारिश के दिनों मे जब मै सायकल से इस गांव मे पहुंचा था तब गांव के लोगो ने रंगमंच निर्माण की मांग किया था आप लोगो के मांग के अनुरूप रंगमंच बनकर तैयार हो गया है और आज इसका शुभारंभ करने पहुंचा हूं। उक्त बातें बिन्द्रानवागढ विधानसभा क्षेत्र के विधायक जनक ध्रुव ने ग्राम अचानपुर में रंगमंच भवन के लोकार्पण समारोह को संबोधित करते हुए कही। इस मौके पर ग्राम पंचायत मैनपुर के सरपंच श्रीमती हनीता नायक, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव, महामंत्री गेन्दू यादव, झांकर किसन मरकाम, शंकर ठाकुर, गीता ठाकुर विशेष रूप से उपस्थित थे। ग्राम पंचायत मैनपुर के आश्रित ग्राम अचानपुर में रंगमंच भवन का पूजा अर्चना फीता काटकर विधायक जनक ध्रुव ने लोकार्पण किया इस दौरान ग्रामीणों ने मैनपुर मुख्य मार्ग से नदीपारा अचानपुर तक सीसी सड़क निर्माण की मांग किया है जिसपर विधायक जनक ध्रुव ने तत्काल प्रधानमंत्री ग्राम सड़क विभाग के अधिकारियों को फोन कर सड़क निर्माण संबंधित सर्वे कर प्रपोजल भेजने को कहा है और ग्रामीणों को आश्वस्त किया है कि आने वाले दिनों मे प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत सड़क निर्माण किया जायेगा ग्रामीणों ने गांव मे जर्जर स्कूल भवन, आंगनबाड़ी भवन के संबंध में भी विधायक को जानकारी दिया विधायक ने सभी समस्याओं का समाधान करने की बात कही है।

### ये रहे उपस्थित

इस मौके पर मैनपुर सरपंच हनीता नायक ने कहा विधायक के प्रयास से आज अचानपुर मे नया रंगमंच भवन का शुभारंभ किया जा रहा है ग्रामीणों की बहुत पुरानी मांग पूरा हुआ है इसके लिए उन्होने विधायक जनक ध्रुव के प्रति आभार व्यक्त किया है। इस मौके पर प्रमुख रूप से चेतन नागेश, बुधिया बाई नागेश, दयाराम यादव, फुलमती ध्रुव, देवकी तिरधारी, महेश सिन्हा, गंगाबाई मरकाम, लोकेश्वरी मरकाम, बसंती यादव, धनमोतिन मरकाम, सुरेश मरकाम, पंचूराम मरकाम, सचिव संजय नंदाल, ईशकुमार कश्यप, सुकराम नागेश, कमलेश क"यप सहित बड़ी संख्या मे ग्रामीण जन उपस्थित थे।

## सौगात : श्रीराम की इस भूमि के विकास में राशि की कमी नहीं होगी, करोड़ों के विकास कार्यों की शुरुआत

# सिरकट्टी आश्रम को संवारने विधायक रोहित ने बनाया रोडमैप

हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद

ग्राम कुटेना स्थित प्रसिद्ध चतुर्भुज सिरकट्टी आश्रम धाम को धार्मिक, सांस्कृतिक और शैक्षणिक केंद्र के रूप में और अधिक विकसित करने की दिशा में राजिम विधायक रोहित साहू ने प्रतिबद्धता दिखाई है। विधायक ने आश्रम धाम के विकास के लिए चरणबद्ध कार्ययोजना तैयार करने की बात कहते हुए स्पष्ट किया कि भगवान श्रीराम की इस पावन भूमि के विकास में राशि की कमी नहीं आने दी जाएगी। आश्रम को सुविधाओं से सुसज्जित करने और इसकी सुंदरता को निखारने के लिए विधायक ने अपने दौरा कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विकास कार्यों की सौगात दी। कार्यक्रम में टीकम साहू, प्रेमलाल साहू, डोमार साहू, गौतम शर्मा, रेखा साहू, तारा साहू, कलीराम साहू, नागेंद्र साहू, हेमंत निर्मलकर, लोचन साहू, मुन्नालाल देवदास सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

ग्राम पंचायत कुटेना स्थित सिरकट्टी आश्रम धाम एवं गुरुकुल परिसर में विभिन्न विकास एवं निर्माण कार्यों का भूमिपूजन और लोकार्पण धार्मिक एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राजिम विधायक रोहित साहू रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महामंडलेश्वर संत सिया गोवर्धन शरण महाराज ने की। इस दौरान जिला पंचायत सभापति शिवांगी चतुर्वेदी, भाजपा जिला महामंत्री चंद्रशेखर साहू, जनपद उपाध्यक्ष कुलेश्वर सोनवरी, मंडल अध्यक्ष सुमित पारख, प्रदेश साहू संघ उपाध्यक्ष भुवनेश्वर साहू, सरपंच गणेशी दीवान सहित जनप्रतिनिधि, संत समाज और बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी मौजूद रहे।

**विकास कार्यों से बदलेगा आश्रम का स्वरूप-** सिरकट्टी आश्रम धाम में करीब 50 लाख रुपए की लागत से बनने वाले समरसता भवन, मुख्य मार्ग से आश्रम धाम तक 30 लाख रुपए की लागत से बनने वाले सीसी रोड तथा आश्रम परिसर में 15 लाख रुपए की लागत से निर्मित टीना शेड का लोकार्पण किया गया। इसके अलावा ग्राम कुटेना में 28.51 लाख रुपए की लागत से बनने वाले उपस्वास्थ्य केंद्र तथा शीतला मंदिर के पास 10 लाख रुपए की लागत से बनने वाले सामुदायिक भवन सहित विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन किया गया। इन विकास कार्यों को सिरकट्टी आश्रम धाम के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। सड़क, भवन और अन्य सुविधाओं के विकसित होने से श्रद्धालुओं के साथ ही गुरुकुल में अध्ययनरत विद्यार्थियों तथा आसपास के ग्रामीणों को भी सुविधा मिलेगी।

### श्रीराम की भूमि को भव्य स्वरूप देने की तैयारी

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक रोहित साहू ने कहा कि सिरकट्टी आश्रम धाम केवल धार्मिक स्थल नहीं, बल्कि छत्तीसगढ़ की धार्मिक और सांस्कृतिक चेतना का महत्वपूर्ण केंद्र है। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीराम की इस भूमि को और बेहतर स्वरूप देने के लिए उन्होंने विशेष रोडमैप तैयार किया है। आने वाले समय में आश्रम धाम की सुंदरता और सुविधाओं में ऐसा विस्तार किया जाएगा, जिससे यहां आने वाले श्रद्धालुओं को बेहतर अनुभव मिल सके। उन्होंने कहा कि आश्रम के विकास के लिए राशि की कमी नहीं होने दी जाएगी। विकास कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर आगे बढ़ाते हुए सिरकट्टी आश्रम को धार्मिक, सांस्कृतिक और शैक्षणिक गतिविधियों के लिए और अधिक सशक्त केंद्र बनाने का प्रयास किया जाएगा।

### मानस संस्कृति के प्रचार में आश्रम की अहम भूमिका

विधायक साहू ने कहा कि श्रीरामचरित मानस के प्रचार-प्रसार और मानस संस्कृति को जन-जन तक पहुंचाने में सिरकट्टी आश्रम की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। आश्रम के माध्यम से मानस संस्कृति का संदेश प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों तक पहुंचा है। आज गांव-गांव में मानस सम्मेलन और रामकथा जैसे आयोजन हमारी समृद्ध सांस्कृतिक परंपरा की पहचान बन चुके हैं। उन्होंने गौसेवा और शिक्षा के क्षेत्र में आश्रम द्वारा किए जा रहे कार्यों की भी सराहना की। करीब 400 बच्चों के लिए संचालित आवासीय गुरुकुल को उन्होंने सनातन संस्कृति, संस्कार और शिक्षा के संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण पहल बताया।

### गुरुकुल परंपरा को आगे बढ़ाने का काम

विधायक ने कहा कि प्राचीन भारत में गुरुकुल शिक्षा व्यवस्था की आधारशिला हुआ करते थे, जहां बच्चों को शिक्षा के साथ संस्कार, अनुशासन, सेवा और संस्कृति का ज्ञान दिया जाता था। सिरकट्टी आश्रम उसी गौरवशाली परंपरा को आगे बढ़ाने का कार्य कर रहा है। आधुनिक शिक्षा के साथ नई पीढ़ी को अपनी संस्कृति और संस्कारों से जोड़ना वर्तमान समय की आवश्यकता है। महामंडलेश्वर संत सिया गोवर्धन शरण महाराज ने कहा कि सिरकट्टी आश्रम वर्षों से धर्म, सेवा, संस्कार, गौसेवा और शिक्षा के क्षेत्र में कार्य कर रहा है। गुरुकुल के माध्यम से बच्चों को शिक्षा के साथ भारतीय संस्कृति और जीवन मूल्यों की शिक्षा दी जा रही है।

### सेंट जॉन्स इंग्लिश मिडियम स्कूल हिंदी दिवस मना

**छुरा।** सेंट जॉन्स इंग्लिश मिडियम स्कूल, छुरा में आज हिंदी दिवस पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए हिंदी भाषा के महत्व और उसकी समृद्ध विरासत पर अपने विचार प्रस्तुत किए।इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न विषयों पर भाषण दिए गए। मोहित कुमार घृतलहरे सर ने भी हिंदी दिवस पर अपने संबोधन में हिंदी के महत्व के साथ-साथ देश की सभी भाषाओं और बोलियों का सम्मान करने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि भारत की भाषाई विविधता हमारी संस्कृति और पहचान की महत्वपूर्ण विशेषता है, इसलिए किसी एक भाषा को दूसरी भाषा से कम या अधिक मानने के बजाय सभी भाषाओं का समान सम्मान किया जाना चाहिए।

कार्यक्रम के दौरान कक्षा 7 के विद्यार्थियों ने एक स्किट प्रस्तुत की, जिसके माध्यम से हिंदी भाषा के प्रति सम्मान और अपनी मातृभाषा के महत्व का संदेश दिया गया। विद्यार्थियों की प्रस्तुति ने उपस्थित सभी लोगों का ध्यान आकर्षित किया और भाषा के प्रति सम्मान की भावना को प्रोत्साहित किया।कार्यक्रम के अंत में विद्यालय की प्राचार्य बिंदु जॉर्ज जैकब ने इस कार्यक्रम में उपस्थित संस्था के निर्देशक जॉर्ज जेकब ,प्रबंधक आशीष जेकब समस्त शिक्षक गण एवं छात्रा गण सभी को हिंदी दिवस की शुभकामनाएं दीं।

# राजिम की साहित्यिक धरती पर मीर अली मीर से संवाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजिम

प्रयाग नगरी राजिम केवल धार्मिक आस्था का केंद्र ही नहीं, बल्कि साहित्य, कला, संस्कृति और सामाजिक चेतना की गौरवशाली धरती भी है। राजिम की मिट्टी ने छत्तीसगढ़ के साहित्य और सांस्कृतिक जगत को अनेक महान विभूतियां दी हैं। महान कवि एवं स्वतंत्रता सेनानी पंडित सुंदरलाल शर्मा, संत-कवि पवन दीवान जी और लोकप्रिय कवि लक्ष्मण मस्तुरिया जी जैसे व्यक्तित्वों की स्मृतियां राजिम की गौरवशाली पहचान से जुड़ी हुई हैं। वहीं सुप्रसिद्ध साहित्यकार मीरअली मीर की प्रारंभिक एवं उच्च माध्यमिक शिक्षा भी इसी राजिम की धरती पर हुई, जिसने उनकी साहित्यिक यात्रा को संस्कार और दिशा प्रदान की। इसी गौरवशाली साहित्यिक एवं सांस्कृतिक धरती पर सुप्रसिद्ध साहित्यकार एवं कवि मीरअली मीर ने सरपंच संघ जिलाध्यक्ष एवं छत्तीसगढ़ी संस्कृति कला मंच रंग महल के संस्थापक हरीश साहू के निवास पहुंचकर आत्मीय मुलाकात की। इस दौरान छत्तीसगढ़ी भाषा-साहित्य, लोक संस्कृति, ग्रामीण जीवन, सामाजिक सरोकारों तथा बदलते ग्रामीण परिवेश को लेकर सार्थक एवं आत्मीय चर्चा हुई। इस अवसर पर हरीश साहू के पिता एवं संकुल समन्वयक, विकासखंड फिंगेश्वर नरेश साहू द्वारा मीरअली मीर जी का श्रीफल एवं साल भेंट कर सम्मान किया गया। चर्चा के दौरान ग्रामीण अंचलों की सामाजिक संरचना, गांवों की परंपराओं, लोककला एवं संस्कृति तथा आधुनिक बदलावों के बीच छत्तीसगढ़ की अपनी सांस्कृतिक पहचान को सहेजने की आवश्यकता पर विचार-विमर्श हुआ। साथ ही नई पीढ़ी को छत्तीसगढ़ी भाषा, साहित्य और लोक संस्कृति से जोड़ने तथा ग्रामीण प्रतिभाओं को बेहतर मंच उपलब्ध कराने पर भी चर्चा हुई।

## प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिवस पर आशीर्वाद का दिया जलाएं

**नवापारा-राजिम।** युवा भाजपा नेता किशोर देवांगन ने शनिवार को खोरपा में भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय नेतृत्व ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष पूरे होने के अवसर पर एक महीने लंबे सेवा संकल्प अभियान की घोषणा की है। 7 अक्टूबर 2001 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पहली बार गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली थी और तब से लेकर आज तक जनसेवा का उनका यह सफर अनवरत जारी है। किशोर ने कहा कि यह अभियान केवल राजनीतिक आयोजन नहीं बल्कि सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण को समर्पित एक जनआंदोलन बनेगा। यह सेवा संकल्प अभियान पूरे देश के लिए एक वरदान साबित होगा। प्रधानमंत्री मोदी ने गरीब कल्याण, महिला सशक्तिकरण और युवाओं के भविष्य के लिए जो प्रयास किए हैं, वैसा दुनिया का कोई नेता नहीं कर सका। इस अभियान के माध्यम से पिछले 25 वर्षों में देश के भीतर आए नीतिगत सुधारों और विकासपरक उपलब्धियों को समाज के हर वर्ग तक पहुंचाया जाएगा। हम इस अभियान को हर घर तक ले जाएंगे। पिछले 13 वर्षों में देश को विश्व के सबसे शक्तिशाली देशों में शुमार करवाने वाले और देश को विकसित भारत की ओर तेजी से अग्रसर करने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करने का हम सभी के लिए यह स्वर्ण अवसर है कहा कि पूरी उम्मीद है कि इस अभियान को सफल बनाने हम सभी पूरी ईमानदारी व तन-मन से कार्य करेंगे।

# आईएसबीएम विवि में सेव ट्रीज, सेव एनवायरनमेंट पर नुक्कड़ नाटक

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा

आईएसबीएम विश्वविद्यालय, नवापारा छुरा में चेंज मेकर्स इनिसेटिव, फैकल्टी ऑफ साइंसेज एवं ग्रीन वॉरियर्स के संयुक्त तत्वावधान में सेव ट्रीज, सेव एनवायरनमेंट'– पेड़ बचाओ, भविष्य बचाओ" विषय पर नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं विश्वविद्यालय समुदाय में वृक्ष संरक्षण, जैव विविधता, पर्यावरणीय संतुलन तथा पौधों की देखभाल के प्रति जागरूकता और उत्तरदायित्व की भावना विकसित करना था। डॉ. एन. कुमार स्वामी, अकादमिक अधिष्ठाता ने पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों से वृक्षों एवं प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। डॉ. ओमप्रकाश साहू, छात्र कल्याण अधिष्ठाता ने विषयगत एवं प्रेरणादायी उद्बोधन दिया। उन्होंने आचार्य पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य के प्रेरक ध्येय-वाक्य हम सुधरेंगे, युग सुधरेगा का उल्लेख करते हुए कहा कि समाज और पर्यावरण में सकारात्मक परिवर्तन की शुरुआत प्रत्येक व्यक्ति के स्वयं के आचरण से होती है। डीन, फैकल्टी ऑफ साइंसेज ने विद्यार्थियों को प्रकृति एवं पर्यावरण के प्रति संवेदनशील बनने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि विज्ञान का वास्तविक उद्देश्य केवल ज्ञान अर्जित करना नहीं, बल्कि उस ज्ञान का उपयोग मानवता, प्रकृति और समस्त जीव-जगत के कल्याण के लिए करना है। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण चेंज मेकर्स ( वन चेंज मेकर्स - एक पेड़ ) द्वारा प्रस्तुत नुक्कड़ नाटक रहा। नाटक के माध्यम से विद्यार्थियों ने बताया कि वृक्ष केवल हरियाली और ऑक्सीजन के स्रोत ही नहीं हैं, बल्कि वे जलवायु संतुलन, मृदा संरक्षण, जल चक्र एवं जैव विविधता को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। विद्यार्थियों ने उपस्थित समुदाय को अधिक से अधिक पौधारोपण करने के साथ-साथ लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल एवं संरक्षण के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम के समापन अवसर पर कार्यक्रम समन्वयक एवं सहायक प्राध्यापक (वनस्पति विज्ञान) लुकेश्वर कुमार साहू ने आभार प्रदर्शन किया। उन्होंने कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग प्रदान करने वाले विश्वविद्यालय प्रशासन, माननीय कुलाधिपति, कुलपति, कुलसचिव, अकादमिक अधिष्ठाता, छात्र कल्याण अधिष्ठाता एवं शिक्षकों, कर्मचारियों, आयोजन व्यवस्था टीम, एंकर, फोटोग्राफर तथा समस्त विद्यार्थियों के प्रति हार्दिक कृतज्ञता व्यक्त की।

विद्यार्थियों ने दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

# जरगांव स्कूल में स्वच्छता सेवा पखवाड़ा पर चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित

**मुड़ागांव (कोरासी)।** स्वच्छता सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत शासकीय माध्यमिक शाला जरगांव में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का उद्देश्य स्वच्छता अभियान को जन-जन तक पहुंचाने तथा बच्चों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता पैदा करना रहा। शासन के निर्देशानुसार स्वच्छता पखवाड़े के दौरान विभिन्न जागरूकता गतिविधियों, रैली एवं पोस्टर प्रतियोगिता के माध्यम से लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जा रहा है। इसी क्रम में विद्यालय में आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। बच्चों ने ड्राइंग शीट पर अपनी कला एवं कल्पनाशक्ति के माध्यम से स्वच्छता से संबंधित विभिन्न चित्र उकेरे। विद्यालय के शिक्षकों ने कहा कि इस तरह की रचनात्मक गतिविधियों से बच्चों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ने के साथ-साथ उनकी प्रतिभा और सृजनात्मक क्षमता भी निखरती है। इस अवसर पर प्रधानपाठक विश्वालाल सूर्यवंशी, संकुल समन्वयक प्रेमनारायण ध्रुव, शिक्षक विकास शुक्ला, अविनाश वर्मा एवं कन्हैयालाल यादव सहित विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।